भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3966**
19 दिसंबर, 2024 को उत्तर देने के लिए

## ओडिशा में एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) परियोजना

**3966. श्रीमती अनीता शुभदर्शिनी:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** क्या सरकार ने ओडिशा राज्य में एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) परियोजना के अंतर्गत उत्पादों की पहचान की है;

**(ख)** यदि हां, तो तत्संबंधी जिलावार ब्यौरा क्या है;

**(ग)** क्या सरकार की वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान ओडीओपी में राज्य के और अधिक कृषि उत्पादों को शामिल करने की कोई योजना है; और

**(घ)** यदि हां, तो इसके लिए बजटीय आवंटन का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रवनीत सिंह)**

**(क) और (ख):** केंद्र प्रायोजित - "प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन (पीएमएफएमई)" योजना के अंतर्गत ओडिशा राज्य के 30 जिलों में एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) को मंजूरी दी गई है, जिसका विवरण **अनुबंध** में दिया गया है ।

**(ग) और (घ):** ओडीओपी की पहचान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा कृषि उत्पादन, कच्चे माल की उपलब्धता, उत्पाद की शीघ्र खराब होने की क्षमता आदि के आधार पर की जाती है। ओडिशा राज्य सरकार की सिफारिशों के आधार पर, ओडीओपी में और अधिक कृषि उत्पादों को शामिल किया जा सकता है। ओडीओपी उत्पादों के प्रसंस्करण सहित योजना के विभिन्न घटकों के कार्यान्वयन के लिए 31 अक्टूबर, 2024 तक ओडिशा राज्य को 75.27 करोड़ रुपये (केंद्रीय हिस्से के रूप में) जारी किए गए हैं ।

*****

**अनुबंध**

**दिनांक 19.12.2024 को "ओडिशा में ओडीओपी परियोजना" के संबंध में उत्तर हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3966 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**पीएमएफएमई योजना के तहत ओडिशा राज्य में स्वीकृत ओडीओपी का जिलावार विवरण**

| क्रम सं. | ज़िला | ओडीओपी |
|---|---|---|
| 1 | अंगुल | आम आधारित उत्पाद |
| 2 | बालासोर | मछली आधारित उत्पाद |
| 3 | बारगढ़ | तेल बीज आधारित उत्पाद (मूंगफली) |
| 4 | भद्रक | मछली आधारित उत्पाद |
| 5 | बोलंगीर | दूध आधारित उत्पाद |
| 6 | बौध | दाल आधारित उत्पाद |
| 7 | कटक | दूध आधारित उत्पाद |
| 8 | देवगढ़ | इमली आधारित उत्पाद |
| 9 | ढेंकनाल | दूध आधारित उत्पाद |
| 10 | गजपति | अनानास आधारित उत्पाद |
| 11 | गंजम | मछली आधारित उत्पाद |
| 12 | जगतसिंहपुर | दूध आधारित उत्पाद |
| १३ | जाजपुर | तेल बीज आधारित उत्पाद (मूंगफली) |
| 14 | झारसुगुडा | मसाला आधारित उत्पाद (मिर्च) |
| 15 | कालाहांडी | मछली आधारित उत्पाद |
| 16 | कंधमाल | मसाले आधारित उत्पाद (हल्दी) |
| 17 | केंद्रपाड़ा | दूध आधारित उत्पाद |
| 18 | क्योंझर | उड़द आधारित उत्पाद |
| 19 | खोरधा | मछली आधारित उत्पाद |
| 20 | कोरापुट | मसाले आधारित उत्पाद (अदरक) |
| 21 | मल्कानगिरी | मिलेट आधारित उत्पाद |
| 22 | मयूरभंज | शहद आधारित उत्पाद |
| 23 | नबरंगपुर | मक्का आधारित उत्पाद |
| 24 | नयागढ़ | गन्ना आधारित उत्पाद |
| 25 | नुआपाड़ा | मिलेट आधारित उत्पाद |
| 26 | पुरी | दूध आधारित उत्पाद |
| 27 | रायगढ़ | इमली आधारित उत्पाद |
| 28 | संबलपुर | मसाला आधारित उत्पाद (मिर्च) |
| 29 | सुबरनपुर | आम आधारित उत्पाद |
| 30 | सुंदरगढ़ | मशरूम आधारित उत्पाद |

*****